# प्रैस विज्ञप्ति

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना द्वारा नियोजकों हेतु ई एस आई योजना पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन

कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लुधियाना स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिनांक 25.07.2024 को CICU (Chamber of Industrial & Commercial Undertakings), फोकल पॉइंट लुधियाना में नियोजकों (Employers) के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना के प्रभारी श्री प्राणेश कुमार सिन्हा, ईएसआई आदर्श अस्पताल से चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर भैरवी देशमुख ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। श्री पंकज कुमार सहायक निदेशक (हितलाभ) ने स्वागत भाषण के दौरान नियोजकों को आगे बढ़ कर ई एस आई योजना के कार्यान्वयन में आ रही असुविधाओं को कम करने हेतु अपने सुझाव रखने का आव्हान किया। इस कार्यक्रम में श्री अश्वनी कुमार सेठ, सहायक निदेशक(जन संपर्क) द्वारा वहा पर मौजूद प्रतिभागियों को ईएसआईसी के विभिन्न हितलाभों की जानकारी देते हुये सभी हितलाभों के क्लेम आईपी पोर्टल के द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में बताया गया। ऑनलाइन आवेदन के जरिये बीमित व्यक्ति स्वयं बीमारी हितलाभ क्लेम, नियोजन के दौरान चोट लगने पर अस्थाई अपंगता हितलाभ तथा मातृत्व हितलाभ संबंधी विभिन्न हितलाभ बिना शाखा कार्यालय जाए प्राप्त कर सकता है। इसके अतिरिक्त बीमित व्यक्तियों को आधार लिंक करवाने की जानकारी दी गई और बताया गया की कैसे बीमित व्यक्ति अपना व अपने परिवार का आधार लिंक करवा कर सुगमता से ईएसआईसी योजनाओ का लाभ पा सकता है। वहाँ पर मौजूद प्रतिभागियों को ईएसआई की मोबाइल ऐप AAA+ (AskAnAppointment) के बारे में जानकारी देते हुये बताया की अब घर बैठे बीमित व्यक्ति अस्पताल/डिस्पेंसरी के लिए appointment प्राप्त कर अस्पताल/डिस्पेंसरी में लगने वाली लम्बी कतार से बच सकते है। इसके साथ ही अब बीमित व्यक्ति अपने व अपने परिजनो का आधार नंबर मोबाइल ऐप के जरिये आईएसएसी के साथ लिंक कर ABHA (Ayushman Bharat Health Account) बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में नियोजको द्वारा ईएसआई योजना के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं के बारे में बताया गया तथा और बेहतर करने हेतु सुझाव दिए गए, जिन्हे कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुना गया तथा उचित समाधान का आश्वासन दिया। डॉक्टर भैरवी देशमुख द्वारा बताया गया कि ई एस आई सी अस्पताल के कर्मचारियों को समय समय पर Soft skill संबंधी प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि उनका व्यवहार बीमित व्यक्तियों के प्रति उदार रहे। श्री प्राणेश कुमार सिन्हा, उप निदेशक(प्रभारी) द्वारा नियोजको का सम्बोधन करते हुए यह

सलाह दी, कि सभी बीमित व्यक्तियों का क्लेम ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने नियोजकों से आव्हान किया कि सभी नियोजक अपने कर्मचारियों के आधार नंबर को जल्द से जल्द लिंक करें। ताकि ई एस आई योजना के लाभ सुगमता से मिल सकें। उन्होंने बताया कि कर्मचारी बीमा योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु नियोजकों का सहयोग भी आवश्यक है, यदि कोई अधिकारी निरीक्षण/दुर्घटना जांच हेतु उनके परिसर में जाता है तो उसे पूरा सहयोग करें तथा आवश्यक दस्तावेज शीघ्र प्रस्तुत करें, ताकि कार्य में देरी न हो । श्री पंकज कुमार द्वारा बताया गया की प्रत्येक महीने के दुसरे शुक्रवार को सभी शाखा कार्यालयों में सुविधा समागम का आयोजन किया जाता है जिसमे बीमित व्यक्ति/नियोजक को आने वाली समस्याओं का समय पर निपटन किया जाएगा। डॉ भैरवी देशमुख द्वारा बताया गया कि आदर्श अस्पताल लुधियाना में नया 12 बेड का ICU वार्ड का उद्घाटन किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अस्पताल में नयी टेक्नोलॉजी वाले उपकरणों का इस्तेमाल कर सभी बीमाकृत व् उनके परिवार के सदस्यों का उपचार किया जा रहा । श्री प्राणेश कुमार सिन्हा ने CICU के अध्यक्ष श्री उपकार सिंह आहूजा तथा अन्य पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए बताया की इस तरह के कार्यक्रम प्रत्येक माह आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो को ईएसआई के लाभों के बारे में और वर्तमान में ईएसआई द्वारा लिए जा रहे नए प्रावधानों के बारे में अवगत कराया जा सके। श्री उपकार सिंह आहूजा (प्रेसिडेंट, CICU) द्वारा इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा की इस प्रकार के आयोजन कर्मचारी राज्य बीमा निगम की एक अच्छी पहल है जिससे नियोजको को ईएसआई के विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में ई एस आई सी आदर्श अस्पताल से डॉ पुशपिंदर सिंह संधू, (चिकित्सा अधिकारी), ई एस आई डिस्पेंसरी, फोकल पॉइंट लुधियाना से डॉ हरदीप सिंह (चिकित्सा अधिकारी), श्री हनी सेठी (महासचिव, CICU), श्री एस.बी. सिंह (संयुक्त सचिव, CICU), श्री सुरेश कुमार (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी), श्री राजीव कुमार (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी), श्री आशीष डुकलान (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी) तथा अन्य एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ 60 से अधिक नियोजक तथा उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इसके साथ ही दिनांक 25.07.2024 को प्रातः 10 बजे उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना और ईएसआई आदर्श अस्पताल, लुधियाना द्वारा मेसेर्स Tech Auto Pvt. Ltd., लुधियाना में भी जागरूकता एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 50 कामगारों के स्वास्थ्य की जाँच की गई और जरूरत अनुसार दवाइयाँ भी वितरित की गई।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम दुनिया के सबसे बड़े बहु आयामी सामाजिक सुरक्षा सेवा प्रदाता संगठनों में से एक है, जो देश के कामगारों

को बीमारी, प्रसव, निशक्तता तथा रोज़गार चोट से मृत्यु जैसी आकस्मिकताओं से बचाने तथा बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। लुधियाना नगर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपने 01 उप क्षेत्रीय कार्यालय, 05 शाखा कार्यालय, 01 अस्पताल तथा 13 ई एस आई औषधालयों के द्वारा लगभग 21449 कारखानों/संस्थानों में कार्यरत लगभग 5 लाख कामगारों व उनके परिवारों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है।




श्री उपकार सिंह आहूजा (प्रेसिडेंट, CICU), श्री प्राणेश कुमार सिन्हा (उप निदेशक प्रभारी, उप क्षेत्रीय कार्यालय लुधियाना) का स्वागत करते हुए




श्री प्राणेश कुमार सिन्हा (उप निदेशक प्रभारी, उप क्षेत्रीय कार्यालय लुधियाना), सत्र के दौरान मौजूद नियोजको का संबोधन करते हुए


कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Labour & Employment, Government of India
उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना
SUB REGIONAL OFFICE, LUDHIANA
लुधियाना क्षेत्र के नियोजकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम



कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Labour & Employment, Government of India
उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना
SUB REGIONAL OFFICE, LUDHIANA
लुधियाना क्षेत्र के नियोजकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम
CICU
CHAMBER OF INDUSTRIAL & COMMERCIAL UNDERTAKINGS
Welcomes You all


बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Labour & Employment, Government of India
LUDHIANA
ESIC
SOCIAL SECURITY
GUEST OF HONOUR